दिन– सोमवार दिनांक– 16 / 12 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. पटना के बापू परीक्षा केंद्र में आयोजित बीपीएससी की सत्तरवीं प्रारंभिक परीक्षा रद्द। परीक्षा की नई तारीख जल्द घोषित की जाएगी।

02. राज्य में परीक्षा पेपर लीक मामलों की जांच में आई तेजी। अपर पुलिस महानिदेशक कुंदन कृष्णन ने कहा– पेपर लीक माफिया के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई।

03. भारतीय संविधान के पचहत्तर वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर राज्यसभा में विशेष चर्चा जारी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल राज्यसभा में चर्चा का जवाब देंगे।

04. और, मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों के दौरान प्रदेश के अधिकतर भागों में रात के तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस की वृद्धि का पूर्वानुमान जताया।

———————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग ने पटना के बापू परीक्षा केंद्र में आयोजित सत्तरवीं प्रारंभिक परीक्षा को रद्द कर दिया है। आयोग के अध्यक्ष रवि मनु भाई परमार ने आज एक प्रेस वार्ता में बताया कि यह फैसला इस केंद्र पर हुए हंगामे और अव्यवस्था के कारण परीक्षा में पड़े व्यवधान को देखते हुए लिया गया है। उन्होंने कहा कि पटना के जिलाधिकारी डॉ. चंद्रशेखर सिंह द्वारा सौंपी जांच रिपोर्ट में कई तथ्य सामने आए हैं। जिससे अभ्यर्थियों के परीक्षा केंद्र पर हंगामा करने से परीक्षा बाधित होने की पुष्टि हुयी है।

———बाईट———

आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि बापू परीक्षा केंद्र पर रद्द परीक्षा की नई तारीख शीघ्र घोषित की जाएगी। पुर्नपरीक्षा के लिए नए प्रश्न पत्र तैयार किये जायेंगे और सभी केंद्रों के परीक्षा परिणाम एक साथ ही जारी होंगे।

———बाईट———

गौरतलब है कि तेरह दिसम्बर को राज्य के नौ सौ बारह केंद्रों पर परीक्षा का आयोजन किया गया था। जिसमें पटना के बापू परीक्षा केंद्र को छोड़कर अन्य सभी नौ सौ ग्यारह केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हो गई थी।

———————————————————————————

अपर पुलिस महानिदेशक कुंदन कृष्णन ने कहा है कि राज्य में परीक्षा पेपर लीक मामलों की जांच तेजी से की जा रही है। उन्होंने कहा कि आर्थिक अपराध इकाई, ईओयू और राज्य पुलिस की टीम लगातार ऐसे मामलों में वांछित अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। श्री कृष्णन ने कहा कि आगे पेपर लीक की घटनाएं दुहराई न जाए, इसके लिए संगठित गिरोहों पर नजर रखी जा रही है।

———बाईट———

———————————————————————————

राज्सभा में आज भारतीय संविधान के पचहत्तर वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर एक विशेष चर्चा जारी है। चर्चा में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, संविधान की रक्षा और संवैधानिक उपबंधों की व्याख्या जैसे विषयों पर दो दिनों तक सत्तापक्ष और विपक्ष के वरिष्ठ नेता अपनी बातें रखेंगे। वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने आज चर्चा की शुरूआत की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल राज्यसभा में चर्चा का जवाब दे सकते हैं। गौरतलब है कि शुक्रवार और शनिवार को लोक सभा में संविधान पर विशेष चर्चा संपन्न हो चुकी है।

———————————————————————————

कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के दौरान किसानों की आर्थिक स्थिति बेहतर हुई है। पटना में संवादाताओं से बातचीत करते हुए श्री पांडेय ने कहा कि सरकार किसानों के हित में कई योजनाएं चला रही है, जिससे बड़े पैमाने पर किसानों को लाभ मिल रहा है।

———बाईट———

इधर, सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने औरंगाबाद में कहा कि धान—गेहूं के अलावा दलहन और तिलहन फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य में लगातार वृद्धि की जा रही है, जिससे किसानों की आमदनी बढ़ी है।

———बाईट———

———————————————————————————

लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा है कि बिहार को विकसित राज्य बनाने के लिए केंद्र और राज्य की सरकार मिलकर कार्य कर रही है। श्री पासवान ने सीतामढ़ी के रीगा में आयोजित पार्टी के युवा शक्ति महासभा को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के जरिए गरीब और वंचित वर्ग के लोगों के विकास का मार्ग खोल रही है। उन्होंने कहा कि रीगा की चीनी मिल जल्द ही शुरू हो जाएगी।

---बाईट---

---

राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा ने कहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रयासों से महिलाओं का सशक्तिकरण हुआ है। शेखपुरा में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री कुशवाहा ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव की माई-बहिन मान योजना महिलाओं का वोट बटोरने की घोषणा है, जो कभी धरातल पर नहीं उतर सकती। श्री कुशवाहा ने लालू प्रसाद के महिला विरोधी बयान की आलोचना भी की है।

---

देश आज उन्नीस सौ इकहत्तर के युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की ऐतिहासिक जीत में अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीदों की स्मृति में विजय दिवस मना रहा है। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बहादुर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि राष्ट्र वीर सैनिकों के साहस और बलिदान का सम्मान करता है। राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी उन्नीस सौ इकहत्तर के वीर सैनिकों के अदम्य साहस, अप्रतिम शौर्य और अटूट संकल्प को याद करते हुए शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

---

बंगाल की खाड़ी में एक चक्रवातीय परिसंचरण का क्षेत्र बनने के कारण पूरबा हवा के प्रवाह से राज्य के अधिकांश भागों में तापमान में थोड़ी वृद्धि दर्ज की गई है। हालांकि राज्य के दक्षिणी भागों में भीषण ठंड की स्थिति बनी हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार रोहतास जिले के डेहरी में शीत लहर दर्ज किया गया। यहां

का न्यूनतम तापमान पांच डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले तीन दिनों के दौरान प्रदेश के अधिकतर भागों में रात के तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो सकती है।

———बाईट———

————————————————————————————

राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने कहा है कि विद्यार्थियों को अपनी मेधा का उपयोग देश और समाज के विकास के लिए करना चाहिए। श्री आर्लेकर पटना के श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में आयोजित पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के चौथे दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर राज्यपाल ने विश्वविद्यालय के चार शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि और विभिन्न संकायों में सर्वोत्तम प्रदर्शन करने वाले इकतीस छात्र–छात्राओं को गोल्ड मेडल प्रदान किया।

————————————————————————————

जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद संजय झा ने कहा है कि आकाशवाणी के दरभंगा केंद्र से पहले की तरह ही कार्यक्रमों का प्रसारण जारी रहेगा। श्री झा ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में यह जानकारी दी है। श्री झा ने कहा कि सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने स्पष्ट किया है कि किसी भी स्तर पर ऐसा कोई निर्णय नहीं लिया गया है कि एक जनवरी दो हजार पच्चीस से आकाशवाणी दरभंगा के सत्तर प्रतिशत कार्यक्रम आकाशवाणी पटना से रिले किये जायेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि दरभंगा स्थित आकाशवाणी केंद्र में स्टूडियो का पुनरूद्धार और आधुनिकीकरण किया जा रहा है।

————————————————————————————

श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके भारत की तीन दिवसीय यात्रा पर हैं। इस दौरान वे बोधगया में कल महाबोधि मंदिर में पूजा अर्चना करेंगे। श्री दिसानायके के आगमन को लेकर व्यापक तैयारी की गयी है। जिलाधिकारी डॉ. त्याग राजन एस. एम. ने कहा कि कल सुबह आठ बजकर चालीस मिनट से सुबह दस बजकर पंद्रह मिनट तक आम श्रद्धालुओं के लिए महाबोधि परिसर में प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की है कि इस अवधि के बाद ही मंदिर में पूजा–अर्चना के लिए आयें।

————————————————————————————

विश्व दृश्य–श्रव्य और मनोरंजन शिखर सम्मेलन, वेव्स को लेकर आज पटना पुस्तक मेला परिसर में रोड–शो का आयोजन किया गया। केंद्रीय संचार ब्यूरो की ओर से आयोजित रोड–शो में आकाशवाणी, पटना के अनिल कुमार और डीडी न्यूज, बिहार के उपनिदेशक सलमान हैदर शामिल हुए। पीआईबी–सीबीसी के उपनिदेशक संजय कुमार ने बताया कि वेव्स का आयोजन अगले वर्ष पांच से नौ फरवरी तक नई दिल्ली में किया जाएगा।

———————————————————————

कटिहार जिले के रौतारा थाना क्षेत्र अंतर्गत गोविंदपुर चौक के पास ट्रैक्टर और मोटरसाईकिल की टक्कर में तीन लोगों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गयी है। मृतकों की पहचान नहीं हो सकी है।

———————————————————————

मधुबनी जिले के खजौली में पुलिस ने दो सोना ठग के अपरहरण मामले का खुलासा कर दिया है। पुलिस उपाधीक्षक ने बताया कि इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

———————————————————————

खगड़िया के सांसद राजेश वर्मा ने आज आज लोकसभा में राज्य के विभिन्न जिलों में स्पाईन मस्कुलर एट्रोफी जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित बच्चों के इलाज के लिए सार्थक पहल किये जाने का मुद्दा उठाया।

———————————————————————

कटिहार जिले के प्राणपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पत्थरवार के अठारे गोपालपुर गांव में अगलगी की घटना में छह घर जलकर राख हो गए। इस घटना में पांच मवेशी मारे गए।

———————————————————————

पश्चिम चंपारण जिला मुख्यालय बेतिया के एमजेके कॉलेज में छह दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता की आज से शुरूआत हो गई। प्रतियोगिता का उद्घाटन महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने किया।

———————————————————————

जहानाबाद की जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय ने आज धरहरा में निर्माणाधीन राजकीय अन्य पिछड़ा वर्ग आवासीय प्लस–टू बालिका उच्च विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए।

———————————————————————————

कैमूर जिला मुख्यालय, भभुआ में पुलिस अधीक्षक आवास के पास उत्पाद विभाग की टीम ने वाहन जांच के दौरान एक ट्रक से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. पटना के बापू परीक्षा केंद्र में आयोजित बीपीएससी की सत्तरवीं प्रारंभिक परीक्षा रद्द। परीक्षा की नई तारीख जल्द घोषित की जाएगी।

02. राज्य में परीक्षा पेपर लीक मामलों की जांच में आई तेजी। अपर पुलिस महानिदेशक कुंदन कृष्णन ने कहा– पेपर लीक माफिया के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई।

03. भारतीय संविधान के पचहत्तर वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर राज्यसभा में विशेष चर्चा जारी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल राज्यसभा में चर्चा का जवाब देंगे।

04. और, मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों के दौरान प्रदेश के अधिकतर भागों में रात के तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस की वृद्धि का पूर्वानुमान जताया।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।